मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 154 | बुधवार, 4 सितंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**इंजरी के बावजूद शूटिंग कर रहे सलमान खान**

---

## बदलापुर बाल यौन शोषण मामला

# आरोपियों में मीडिया प्रतिनिधि भी शामिल!

- पुलिस की भूमिका पर सवाल
- नोटिस पर नाराजगी

**बदलापुर.** बदलापुर में बाल शोषण मामले में केस दर्ज करने में देरी पर बदलापुर पुलिस को हाईकोर्ट समेत सरकार ने भी फटकार लगायी. वहीं 20 अगस्त को प्रदर्शन के दौरान रिपोर्टिंग कर रहे मीडिया प्रतिनिधियों को पुलिस ने आरोपियों की लिस्ट में शामिल किया है. इस मामले में एक मीडिया प्रतिनिधि को नोटिस जारी किया गया है. वहीं आरोपियों की सूची में एक और मीडिया प्रतिनिधि का नाम होने से पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं.

बदलापुर पूर्व के एक स्कूल में बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में पूरे राज्य में आक्रोश फैल गया। गुस्साए नागरिकों और अभिभावकों ने स्कूल, पुलिस प्रशासन की उपेक्षा के खिलाफ स्कूल के सामने और रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन किया. इस आंदोलन से जुड़े तीन अपराधों में 1200 से 1500 लोगों को आरोपी बनाया गया है. सौ से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत पर रिहा किया गया। हालांकि इस मामले में आंदोलन को कवर कर रहे मीडिया प्रतिनिधियों को भी आरोपियों में शामिल किये जाने पर गुस्सा जताया जा रहा है.

स्थानीय मीडिया संवाददाता श्रद्धा ठोम्बरे को पुलिस ने भिवंडी यूनिट दो के अपराध शाखा कार्यालय में उपस्थित होने के लिए एक नोटिस जारी किया था। आरोपियों में एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के प्रतिनिधि अमित जाधव का नाम भी शामिल है. ये दोनों मीडिया प्रतिनिधि आंदोलन को कवर कर रहे थे. मीडिया के लगातार फॉलोअप के कारण संबंधित मामला प्रकाश में आया। इसलिए मीडिया प्रतिनिधियों पर दर्ज अपराध के मामले में विभिन्न पत्रकार संगठनों ने भी विरोध जताया है.

---

## क्राइम डायरी...

### नकली पुलिस आभूषण लेकर चंपत

**भिवंडी.** भिवंडी में नकली पुलिस की टीम लोगों को ठग रही है. 3 नकली पुलिस वालों ने एक किसान को अपना निशाना बनाते हुए 4 लाख 80 हजार कीमत के सोने का आभूषण ठगी की घटना सामने आई है. घणसोली निवासी किसान काशीनाथ पांडुरंग पाटिल ने शिकायत कोनगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया है. पुलिस के अनुसार, काशीनाथ पांडुरंग पाटिल मोटरसाइकिल से मुंबई नासिक राजमार्ग के डोंगरी के पास पहुँचे तो पीछे से 2 मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए 3 लोग आकर गाड़ी साइड में रोकने के लिया कहा.तीनों ने खाकी रंग की ड्रेस व ऊपर से काली रंग के जैकेट पहना हुआ था. उन्होंने कहा कि हम पुलिस वाले है. इतना सोना पहनकर कहां घूम रहे हो.यहां पर बहुत चोरियां हो रही है.इसी दौरान उसमें एक व्यक्ति ने उनके गले से सोने की चैन व ब्रेसलेट निकाली और पाकेट से कागज़ निकाल कर सोने की चैन व ब्रेसलेट लपेट कर वापस दे दिया. जब किसान पाटिल को ठगे जाने का एहसास हुआ तो उन्होंने जेब से कागज की पुड़िया निकाल कर देखा तो उसमें सोने की चैन के स्थान पर कंकड़ निकले. उन्होंने कोनगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

---

# मशीन की चपेट में आने से 3 वर्षीय मासूम की मौत

- अंबरनाथ की बिस्किट कंपनी में दिल दहला देने वाली घटना
- मशीन की बेल्ट में फंसने से गई जान
- मां अपने बच्चे को अपने साथ ही लाई थी काम पर









**अंबरनाथ.** अंबरनाथ की एक बिस्किट कंपनी में एक तीन वर्षीय मासूम बच्चे की मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई है. शिवाजी नगर पुलिस इस गंभीर घटना की जांच कर रही है. शहर पूर्व आनंद गर एमआईडीसी की राधेकृष्णा बेकर्स कंपनी में ये दिल दहला देने वाली घटना मंगलवार सुबह को हुई है. इस बिस्किट कंपनी में एक महिला पूजा चव्हाण अपने तीन वर्षीय लड़के आयुष चव्हाण को साथ में लेकर काम पर आती थी. क्योंकि घर में उसे संभालने वाला कोई नहीं था. मंगलवार सुबह भी पूजा बच्चे आयुष को लेकर काम पर आई. बिस्किट बनाने की मशीन चल रही थी. आयुष मशीन के नजदीक गया तो मशीन के बेल्ट ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई. आयुष के शव को उल्हासनगर के शासकीय अस्पताल में रखा गया है. पूजा हाल ही में बिहार से आई थी. अपने बच्चे को अपने सामने ही मौत के मुंह में जाते हुए वह देखते ही चिल्लाने लगी, वह कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है. शिवाजी नगर पुलिस ने कंपनी में जाकर घटना स्थल का जायजा लिया है. प्रश्न ये उठाया जा रहा है कि बिस्किट कंपनी के प्रशासन ने महिला मजदूर के साथ छोटे बच्चे को कंपनी में जाने की अनुमति कैसे दे दी. ये कंपनी की बहुत बड़ी गलती मानी जाएगी.

---

# पटेल परायोशा के निवासी नपा पर निकालेंगे मोर्चा

- पानी, लाइट, कच्ची सड़क से हैं परेशान

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के पटेल परायोशा योगिनी निवास काम्प्लेक्स के सैकड़ों निवासी 5 सितंबर को अंबरनाथ नपा कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर मोर्चा निकालेंगे. ऐसी जानकारी हमें सबास्टीन ए. टी. ने दी है. यहां पर 12 बिल्डिंगों में 470 फ्लैट में 1500 के करीब निवासी सम 2016 से पानी, लाइट और खराब सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं. कई बार उन्होंने पानी के लिए मजीप्रा को एवं बार-बार लाइट गुल होने पर महावितरण में लिखित में शिकायत की है.

गत कुछ महिनों से यहां पर दो दिनों में एक बार पानी आता है. गत दिनों से पानी भी गंदा आ रहा है, जिसके कारण निवासियों का स्वास्थ्य खतरे में आ गया है. पटेल परायोशा के बाजू में ही मजीप्रा का एक लाखों लीटर का जलकुंभ भी है. फिर भी निवासी पानी के लिए तरस रहे हैं. यहां पर परिसर में गत कई वर्षों से सड़क का निर्माण नहीं होने से बारिश में सड़कों पर गड्ढे पड़ गए हैं. नपा प्रशासन को पत्र देकर भी वह इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है. इसलिए 5 सितंबर को फुले नगर जावसई पटेल परायोशा के निवासी नपा कार्यालय पर मोर्चा निकालकर प्रशासन को जगाएंगे. ऐसी जानकारी हमें एक्शन कमेटी के कन्वेयर सेबास्टिन ए. टी. ने दी है.

---

# मनपा में करोड़ों रुपए का विज्ञापन घोटाला!

## चुनिंदा कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए घोटाले में मनपा कर्मचारी भी शामिल!

- कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे का आरोप
- घोटाले की उच्चस्तरीय जांच न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी



**उल्हासनगर.** कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने आरोप लगाया है कि उल्हासनगर मनपा में करोड़ों रुपये का विज्ञापन घोटाला हुआ है. यह घोटाला कुछ विज्ञापन कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया है और इसमें मनपा के कुछ कर्मचारी भी शामिल हैं. साल्वे ने उच्चस्तरीय जांच कर इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर रोहित साल्वे ने मनपा के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है.

उल्हासनगर महानगर पालिका में कुछ विज्ञापन कंपनियां राजनीतिक दलों से संबंधित हैं और नेताओं के दबाव और मनपा कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण उल्हासनगर मनपा में अब तक करोड़ों रुपये का विज्ञापन घोटाला हो चुका है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने आरोप लगाया है कि मनपा को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है और इसमें मनपा के कर्मचारी भी शामिल हैं. उल्हासनगर मनपा के विज्ञापन विभाग में चयनितों को लाभ पहुंचाने के लिए आवेदन करना, फाइल बनाना, बिना भुगतान अनुमति देना, अनुमति से अधिक होर्डिंग्स और विज्ञापन लगाना, अन्य कार्यों को नजरअंदाज कर केवल एक विशिष्ट ठेकेदार के लिए काम करना, फर्जी दस्तावेज तैयार करना जैसे गलत काम किए जा रहे हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने आरोप लगाया है कि सरकार को अब तक करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है.

2023 में यह घोटाला सामने आने के बाद सरकार ने जांच के आदेश दिए थे. हालांकि, तत्कालीन कमिश्नर के राजनीतिक दबाव के कारण ये होर्डिंग्स नहीं हटाए गए हैं। इसलिए, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने मांग की है कि ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए जो उल्हासनगर मनपा को गुमराह करते हैं व व्यक्तिगत लाभ उठाते हैं और मनपा के राजस्व को भी डुबोते हैं। साल्वे ने कार्रवाई नहीं होने पर उल्हासनगर मनपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की भी चेतावनी दी है.

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नानिक आहूजा, सुनील बेहरानी, प्रवक्ता आशेराम टाक, महासचिव दीपक सोनावणे, अनुसूचित जाति प्रभाग अध्यक्ष निहाल रापेकर भी उपस्थित थे।

---

# अवैध रेत माफियाओं पर कार्रवाई!

- नायब तहसीलदार और मंडल अधिकारी-तलाठियों ने कसी अनाधिकृत रेत उत्खनन करने वालों पर नकेल



**ठाणे.** बॉम्बे उच्च न्यायालय में दायर आपराधिक रिट याचिका संख्या 2911/2022 के अनुसरण में, जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे, अपर कलेक्टर मनीषा जाइभाये-धुले और प्रांतीय अधिकारी उर्मिला पाटिल के मार्गदर्शन में, टीम लीडर निवासी नायब तहसीलदार दिनेश पैठणकर के साथ, मंडल ऑफिसर मुंब्रा और सर्कल के सभी तलाठियों ने मुंब्रा से कल्याण की ओर रेलवे ट्रैक के पास अनधिकृत रेत खनन और परिवहन को रोकने के लिए 02 सितंबर 2024 को नाव से गश्त गए थे,

इस दौरान लगभग 15 ब्रास रेत से भरा एक बार्ज मिला। खाड़ी में अनाधिकृत रेत खनन के लिए सक्शन पंप पाए गए। इसी तरह के एक अन्य ऑपरेशन में, अनधिकृत रेत खनन के लिए कलवा, बाल्कुम खाड़ी में एक सक्शन पंप के साथ लगभग 13 ब्रास रेत से भरा एक और बार्ज पाया गया. चूंकि बार्ज और सक्शन पंप को खाड़ी से बाहर नहीं निकाला जा सका, इसलिए बार्ज और सक्शन पंप को खाड़ी में नष्ट कर दिए गए. आगे की कानूनी कार्यवाही चल रही है. उक्त जानकारी जिला प्रशासन ने दी है.

---

## द्वारली भूमि विवाद में दोनों गुटों पर मामला दर्ज

# गणपत व महेश गायकवाड़ में फिर शुरू हुई जंग!




- हथियारों के साथ गुंडों पहुंचे थे साइट पर
- हिललाईन पुलिस कर रही जांच

**कल्याण.** अंबरनाथ तालुका के द्वारली गांव में एक बार फिर भूमि विवाद चरम पर पहुंच गया है। कल हथियारों के साथ पकड़े गए लोगों के खिलाफ हिललाईन पुलिस में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों गुटों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ज्ञात हो कि विधायक गणपत गायकवाड़ और महेश गायकवाड़ के बीच हिललाईन पुलिस थाने में गोलीबारी की घटना के बाद भी इलाके में शांति का माहौल कभी बहाल नहीं हो सका. आठ महीने पहले हुई इस घटना के बाद भी ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और अब विवाद फिर से शुरू हो गया है। इस मामले में उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन में परस्पर विरोधी मामला दर्ज किया गया है. द्वारली गांव में विवादित भूमि को भू-अभिलेख विभाग द्वारा गिनने से स्पष्ट रूप से मना किया गया था। हालांकि सोमवार को एक बिल्डर ने कानून की परवाह किए बिना अपने हथियारबंद साथियों के साथ साइट का सर्वे करना शुरू कर दिया. पुलिस की मौजूदगी के बिना सर्वेक्षण किया जा रहा था, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। कहा जाता है कि इन हथियारबंद इस्लामवादियों ने किसानों पर हमला कर दिया और उनकी बेरहमी से पिटाई की. हमले के बीच किसानों ने तुरंत कल्याण शिवसेना के शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ से संपर्क किया. महेश गायकवाड तुरंत अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। हथियारबंद लोगों की गिरफ्तारी के बाद गांव में तनाव बढ़ गया, लेकिन समय पर पुलिस के हस्तक्षेप से विवाद बढ़ने से रुक गया. फिलहाल हिललाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अनिल जगताप के मार्गदर्शन में जांच जारी है. इस घटनाक्रम से द्वारली गांव के लोगों में डर का माहौल पैदा हो गया है. पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और विवाद सुलझने तक गांव में भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई है.

---

# अंबरनाथ गांधी सिग्नल चौक पर भीख मांगने वाले बच्चों का जमावड़ा

- पुलिस कार्रवाई करे
- हो सकता है बड़ा हादसा

यूसुफ शेख





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के ट्रैफिक सिग्नल पर इन दिनों शाम से रात तक छोटे बच्चे सिगनल पर खड़े वाहन चालकों से बीच सड़क पर खड़े होकर भीख मांग रहे हैं. 8 से 10 साल की लड़कियां अपनी गोद में छोटे बच्चे लेकर सिगनल पर खड़े वाहनों की कांच को खटखटा कर भीख मांगते देखे जा रहे हैं. अंबरनाथ नगर परिषद कार्यालय के समक्ष गांधी चौक पर रोजाना दस से 12 बच्चे भीख मांगते देखे जा रहे हैं. जैसे ही वाहनों को हरा सिगनल मिलता है, ये बच्चे सड़क से किनारे की ओर भागते हैं. ऐसे में कोई बड़ा हादसा हो सकता है. किसी वाहन की चपेट में आने से किसी बच्चे की मौत हो सकती है.

अंबरनाथ यातायात पुलिस एवं शहर पुलिस के कर्मचारी भी रोजाना इस भीख मांगने वाले बच्चों को सिगनल पर भीख मांगते देख रहे हैं, लेकिन इन बच्चों को कोई मना नहीं कर रहा है अथवा उनके माता-पिता को बुलाकर चेतावनी नहीं दे रहा है. ये सभी बच्चे सर्कस मैदान की झोपड़ियों में रहते हैं. ऐसी हमें जानकारी मिली है. पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है. ये बच्चे पास के एक होटल की शेड के नीचे रोजाना बैठे देखे जा रहे हैं.

---

# इस वर्ष भी गणेश विसर्जन व ईद-ए-मिलाद एक ही दिन

- गत वर्ष मुसलमानों ने ईद का जुलूस दूसरे दिन निकाला था
- अंबरनाथ पुलिस जल्द ले बैठक

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** इस वर्ष सितंबर महिने में हिंदू और मुसलमानों का एक बड़ा त्यौहार एक ही दिन 16 सितंबर सोमवार को आ रहा है. 16 को गणेश विसर्जन का दिन है तो मुस्लिमों का ईद-ए-मिलाद भी 16 को ही है. ईद-ए-मिलाद के दिन शाम में हर वर्ष शहर पश्चिम में जुलूस निकाला जाता है, जो गैबन शाह दर्गा से होकर शहर का गश्त करते हुए रात 10 बजे दर्जा पर ही जुलूस समाप्त होता है. हजरत मोहम्मद सल्लम के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मुसलमान खुशियां मनाते हैं. शरबत, खीर आदि वितरित करते हैं. मुस्लिम जमात की तरफ से शाम में ये जुलूस निकाला जाता है, जिसमें सैकड़ों समाज के लोग उपस्थित रहते हैं. जुलूस में हजरत मोहम्मद की शान में नारे लगाए जाते हैं. 16 को ही भगवान गणेश के विसर्जन का दिन है, जिसमें सैकड़ों घरगुती, मंडल के गणेश मूर्ति का ढोल ताशे, नाच गाने एवं गणपति बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या... के नारे लगाए जाते हैं. गत वर्ष भी ये दोनों त्यौहार एक साथ आए थे, तो मुसलमानों ने आपसी भाईचारे को देखते हुए पुलिस के कहने पर दूसरे दिन जुलूस निकाला था. कोई भी अनुचित प्रकार नहीं हुआ था. इस वर्ष इस मसले को लेकर अभी तक पुलिस ने शांतता कमेटी एवं दोनों समाज के लोगों की बैठक का आयोजन नहीं किया है.

---

# स्कूली छात्राओं को सिखाया गया आत्मरक्षा का पाठ

- उल्हासनगर में युवा सेना की पहल

**उल्हासनगर.** महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रही हिंसा के मद्देनजर महिलाओं और लड़कियों की आत्मरक्षा के लिए समाज में जागरूकता पैदा करना बहुत जरूरी हो गया है। इसी उद्देश्य से शिवसेना (उबाठा) की महिला सेना ने उल्हासनगर में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया. इस गतिविधि ने छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने का काम किया है।

विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के पास प्रो. वी. वी. पाटिल के विकास मंदिर स्कूल ने इस शिविर का आयोजन किया. शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं को बुनियादी आत्मरक्षा तकनीकों की जानकारी दी गई ताकि वे अपनी रक्षा कर सकें। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर युवती सेना जिला अधिकारी तेजस्विनी पाटिल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए महिलाओं और लड़कियों को सतर्क रहना और अपनी सुरक्षा के लिए तैयार रहना समय की मांग है। ऐसे में हम आत्मविश्वास और सीखी हुई तकनीकों से अपनी सुरक्षा कर सकते हैं।




### गतिविधियों के माध्यम से आत्मविश्वास में वृद्धि

यह पहल युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे और युवा सेना कॉलेज सेल प्रमुख और सचिव वरुण सरदेसाई, युवा सेना कोर कमेटी सदस्य और मुंबई विश्वविद्यालय सीनेट सदस्य शिव सेना उपनेता शीतल देवरुखकर-शेठ के नेतृत्व में और कल्याण जिला प्रमुख धनंजय बोडारे के मार्गदर्शन में लागू की गई थी। कार्यक्रम का आयोजन वैष्णवी सोनावणे ने किया, जिन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा का पाठ पढ़ाया। शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं ने गतिविधि से संतुष्टि व्यक्त की और कहा कि ऐसी गतिविधियों से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। स्कूल की प्रिंसिपल वसुधा डोंगरे ने भी युवती सेना की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसी गतिविधियों की लगातार जरूरत है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए युवता सेना शहर पदाधिकारी अश्विनी तायडे, डॉ. धनश्री बोडारे, तन्वी सोनावणे, युवा सेना के उदय कांसे, प्रणय तांबेडे और हर्षल मोल्के सहित अन्य ने विशेष प्रयास किए।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
संपादकीय

## आरोपियों के मकान गिराना गलत

इस बात को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठने शुरू हो गए थे कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध का आरोपी है, तो सिर्फ इस कारण उसके घर को बुलडोजर से कैसे गिराया जा सकता है! अब इस मसले पर दाखिल याचिका की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त नाराजगी जताई और साफ कर दिया है कि किसी भी व्यक्ति का मकान महज आरोप के आधार पर नहीं गिराया जा सकता। अदालत ने यहां तक कहा कि कोई व्यक्ति भले दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता।

हालांकि किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं दिया जा सकता। केंद्र सरकार का तर्क था कि जिन लोगों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई हुई, वे अवैध कब्जे या अवैध निर्माण के मामले थे। गौरतलब है कि हाल के दिनों में किसी जघन्य अपराध के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर उसका घर ढहा कर भले सख्ती का संदेश दिया जाता रहा हो और इसे कुछ लोग पसंद भी करते हों, मगर कानून और मानवीयता की कसौटी पर यह तौर-तरीका सवालों के घेरे में शुरू से था।

इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की यह राय बेहद महत्त्वपूर्ण है कि न केवल आरोप लगने, बल्कि दोषी होने पर भी किसी के घर को ढहाना उचित नहीं है। उस घर में आरोपी के अलावा उसके परिवार के अन्य सदस्य हो सकते हैं, जिनका उस पर लगे आरोप से कोई लेना-देना न हो। दूसरे, अगर किन्हीं हालात में अदालत की सुनवाई के बाद आरोपी को निर्दोष पाया गया, तो वैसी स्थिति में ध्वस्तीकरण को कैसे देखा जाएगा! हालांकि अगर किसी का घर किसी नियम का उल्लंघन करके बनाया गया है, तो उसे भी सही नहीं ठहराया जा सकता।

मगर यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर किसी आरोपी के घर को गिराने के क्रम में अतिक्रमण या अवैध निर्माण को आधार बनाया जाएगा, तब सभी नागरिकों के लिए व्यापक और समान दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत होगी। शायद यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने इस मसले पर सभी संबंधित पक्षों से सुझाव मांगा, ताकि अचल संपत्तियों के विध्वंस के मुद्दे पर पूरे देश के लिए एक ठोस दिशा-निर्देश जारी किया जा सके।

# प्रतिभाशाली न्यायाधीशों को मिलेंगे बेहतर अवसर

लंबित मुकदमों की बढ़ती संख्या पर एक बार फिर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। बीते एक सितंबर को संपन्न जिला अदालतों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ तथा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक स्वर में शीघ्र और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने न्यायिक सेवा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया की पैरवी करते हुए कहा कि अब समय आ गया है, जब क्षेत्रवाद और राज्य केंद्रित चयन की संकीर्ण सीमाओं से आगे बढ़ा जाए।

पहले भी अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सुझाव आते रहे हैं। विधि आयोग वर्ष 1958 और वर्ष 1978 में दो अलग-अलग संस्तुतियों के माध्यम से इसके लिए सुझाव दे चुका है। आयोग का मत था कि इससे अदालतों में लंबित मुकदमों के समयबद्ध निस्तारण में आसानी होगी, न्यायिक-संरचना अधिक पारदर्शी होगी, प्रधान न्यायाधीश और उसके परिणामस्वरूप मुकदमों का तेजी से निपटारा होगा और आम लोगों का उन पर भरोसा बढ़ेगा। संसद की 'लोक शिकायत, कानून तथा न्याय की स्थायी समिति' ने भी वर्ष 2006 में इस विषय पर सुझाव दिया था। इसके अलावा, इस समिति ने एक मसौदा भी तैयार किया था, किंतु वह आगे नहीं बढ़ पाया।

सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई मौके पर इस संबंध में सुझाव और निर्देश दिया था। सबसे पहले वर्ष 1992 में 'ऑल इंडिया जजेज एसोसिएशन बनाम भारत संघ' में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को




अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया था। उसके बाद फिर वर्ष 1993 में इस पर जरूरी पहल करने की जिम्मेदारी सरकार के विवेक पर छोड़ दी गई। फिर 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय का स्वतः संज्ञान लेते हुए न्यायाधीशों के चयन के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था के निर्माण करने का सुझाव दिया, किंतु अब तक इस पर कोई ठोस पहल नहीं की जा सकी है। लोकशाही में उसके सभी उपांगों की विश्वसनीयता उनकी सबसे बड़ी पूंजी होती है। अदालतों के मामले में तो यह अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह उनकी एकमात्र पूंजी होती है। जनता के बीच उनकी साख और आम लोगों के मन में उनके प्रति सम्मान ही उसकी ताकत की गंगोत्री होती है। इसलिए उन्हें अपेक्षाकृत अधिक सजग रहने की जरूरत होती है।

मुकदमों का अंबार, उनके निस्तारण में देरी तथा पारदर्शिता से जुड़ी अपेक्षाएं न्यायपालिका की साख को सबसे अधिक प्रभावित कर रही हैं। पारदर्शिता के प्रति आग्रही समाज में गैर-जरूरी गोपनीयता कई बार अविश्वास के काल्पनिक कारणों तथा आधारों को तैयार करने की पृष्ठभूमि बनाता है। कॉलेजियम व्यवस्था की गोपनीयता के कारण अब उस पर भी प्रश्न उठने लगे हैं। उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के कुछ वर्तमान न्यायाधीशों ने भी उस पर सवाल उठाए हैं। ये सभी तथ्य ऐसे हैं, जो अखिल भारतीय न्यायिक सेवाओं के पक्ष में पर्याप्त आधार तैयार करते हैं। न्यायपालिका के अखिल भारतीय सेवा के पक्ष में यह कहा जा रहा है कि यह पूरे देश के लिए एक ऐसी पारदर्शी चयन प्रक्रिया होगी, जिसमें प्रतिभाशाली युवाओं को मौका मिलेगा। इसमें समाज के सभी वर्गों तथा महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। चूंकि यह चयन राष्ट्रीय स्तर पर होगा, इसलिए इसमें सबसे अच्छे लोगों के चयन की एक परंपरा विकसित होगी। मुकदमों की बढ़ती संख्या का एक कारण यह भी है कि हमारे यहां न्यायाधीशों की बहुत कमी है। अमेरिका में जहां हर 10 लाख आबादी पर 107 न्यायाधीश हैं, वहीं हमारे यहां इतनी आबादी पर मात्र 21 न्यायाधीशों के पद ही सृजित हैं। अलग-अलग राज्यों में उनके चयन की प्रक्रिया में अक्सर देरी होती है, जिसके कारण कुल 25,246 स्वीकृत पदों के सापेक्ष केवल 19,858 न्यायाधीश ही कार्य कर रहे हैं। नेशनल कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम की रिपोर्ट के अनुसार, मुकदमों के दायर होने की वर्तमान दर के मुताबिक 2040 में कुल 15 करोड़ मुकदमे लंबित होंगे, जिनके निस्तारण के लिए 75,000 न्यायाधीशों की जरूरत होगी। विभिन्न राज्य सरकारों की मौजूदा कार्य पद्धति को देखते हुए यह संभव नहीं लगता।




ध्यानाभ्यास इस प्रेम-रहित संसार में प्रेम लाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# मणिपुर के मामले में साइलेंट क्यों केंद्र सरकार?

एक भी ऐसा संकेत नजर नहीं आता, जिससे पता चले कि सरकार मणिपुर में हिंसा रोकने को लेकर गंभीर है। सवा साल से ऊपर हो गए, मगर अब भी वहां कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष जारी है। इन समूहों के उग्रवादी संगठन लक्षित हिंसा करने लगे हैं। वे पहले दूसरे समूह के लोगों के घरों को चिह्नित करते हैं और फिर हमला कर देते हैं। इंफल के पश्चिमी हिस्से में हुआ ताजा हमला इसका उदाहरण है। उसमें एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। घायलों को गोली लगी है।

इस घटना के बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने संकल्प लिया है कि वे किसी भी चरमपंथी गुट को कट्टरपंथी और राष्ट्र-विरोधी नहीं बनने देंगे। विचित्र है कि वे कई मौकों पर दोहरा चुके हैं कि स्थिति काबू में है, अब वे अरामबाई तेंगगोल जैसे चरमपंथी संगठनों पर शिकंजा कसने की बात कर रहे हैं। मणिपुर सरकार के गृहमंत्रालय ने कहा है कि ताजा घटना में उग्रवादियों ने ड्रोन का उपयोग कर लक्षित हिंसा की। समझना मुश्किल है कि मणिपुर में सक्रिय उग्रवादियों की गतिविधियों पर नजर रखना इतना मुश्किल क्यों बना हुआ है और वे कैसे अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों का इस्तेमाल कर पा रहे हैं।

छिपी बात नहीं है कि मणिपुर का सारा संघर्ष सरकार की शिथिलता की वजह से पैदा हुआ है। शुरू में ही अगर सरकार ने दोनों समुदायों के बीच पैदा हुई गलतफहमी को दूर करने का प्रयास किया होता, तो वैमनस्यता की आग इस हद तक न भड़कने पाती। मगर सरकार




ने न तो बातचीत की पहल की और न उपद्रवियों पर काबू पाने की कोशिश। यही वजह है कि पिछले वर्ष शुरू हुई हिंसा के बाद कई थानों और शस्त्रागारों से हथियार लूट लिए गए और उनका हिंसा में इस्तेमाल होता रहा।

पुलिस की मौजूदगी में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने, उनसे बलात्कार और उनकी हत्या तक की घटनाएं हो चुकी हैं। मगर उन पर कार्रवाई में तत्परता नहीं दिखाई गई। अब तक दो सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। हजारों लोग अपना घर-बार छोड़ कर शिविरों में रहने को मजबूर हैं। हजारों घर और पूजा स्थल तोड़-फोड़-जला दिए गए। इतना कुछ हो जाने के बाद अगर मुख्यमंत्री अब संकल्प ले रहे हैं कि वे उग्रवादी संगठनों को राष्ट्र-विरोधी और कट्टरपंथी नहीं बनने देंगे, तो हैरानी का विषय है।

मणिपुर के मामले में केंद्र सरकार का रवैया भी शुरू से सवालों के घेरे में रहा है। जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, उनसे छोटी-सी घटना पर भी केंद्रीय गृहमंत्रालय तुरंत जवाब तलब कर लेता है, मगर मणिपुर के मामले में मौन साधे हुए ही दिखता रहा। शुरू-शुरू में वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों को सख्ती के आदेश दिए गए थे, तब हिंसा रुक गई थी, मगर बाद में किस वजह से उस पर काबू पाने की कोशिश नहीं की गई, समझना मुश्किल है।

ऐसा नहीं माना जा सकता कि अगर केंद्र सरकार चाहे, तो वह मणिपुर जैसे छोटे राज्य में हिंसा को नहीं रोक सकती। इस मामले में मुख्यमंत्री की जवाबदेही भी तय नहीं की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए वहां घटनाओं की जांच और राज्य पुलिस की कार्रवाइयों आदि पर नजर रखने के लिए एक दल गठित कर दिया, मगर राज्य सरकार के सहयोग के अभाव में उसके सकारात्मक नतीजे नजर नहीं आते।

# सिर्फ आधे घंटे की नींद लेता है शख्स

इंसान ने वक्त के साथ काफी उन्नति कर ली है. वो ऐसी बहुत सी चीज़ें अब आसानी से कर लेता है, जो अब से 50 साल पहले तक कल्पना ही थी. मसलन, अब कुछ घंटों में मीलों की दूरी सिमट जाती है, रोबोट के ज़रिये काम लेना बिल्कुल आम बात होती जा रही है और तो और मेडिकल साइंस में अब ऐसी-ऐसी चीज़ें आ गईं हैं, जो इंसान की क्षमताओं को लगातार बढ़ा रही हैं. हालांकि अमर होना अब भी इंसान के लिए सपना ही है.

हर कोई अपने हिसाब से लाइफस्टाइल जीता है. हाल ही में एक जापानी शख्स ने लंबा जीने के लिए अपनी नींद आधे

**जरा हट के**

घंटे में सीमित कर दिया है. उसने अपनी बायलॉजिकल एज को हैक करने का फॉर्मूला ढूंढ लिया है. उसके पास कुछ ऐसे सीक्रेट्स हैं, जिनके इस्तेमाल से वो अपनी उम्र से काफी कम दिखता है और उसका दावा है कि वो अपनी जेनेटिक क्लॉक



को रिवर्स कर रहा है.

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 40 साल के दायसुक होरी नाम के जापानी आदमी ने अपनी अलग ही थ्योरी बना रखी है. हयोगो के रहने वाले होरी अपना स्टार्टअप चलाते हैं और उन्हें संगीत, पेंटिंग के साथ-साथ मेकेनिकल डिज़ाइनिंग का शौक है. होरी के मुताबिक अपनी उम्र दोगुनी करने के लिए वो दिन में सिर्फ 30 मिनट की ही नींद लेते है. उनका कहना है कि अब उसका मस्तिष्क भी इसी तरह ट्रेन हो चुका है और वो कम नींद पर भी अच्छी तरह काम करता है और उसे थकान भी नहीं होती है. पिछले 12 साल से उसने ये रूटीन फॉलो कर रखा है और अपने जागने का समय सोने के समय से काफी ज्यादा बढ़ा दिया है. 2016 में होरी ने Japan Short Sleepers Training Association की स्थापना की और वे लोगों को नींद और स्वास्थ्य के बारे में बताते हैं. होरी को जापान के एक रियलिटी शो में 3 दिन तक फॉलो किया गया और वो वाकई सिर्फ 26 मिनट की नींद पर पूरी एनर्जी के साथ उठते थे. होरी के फॉलोअर्स बताते हैं कि उन्होंने भी अपनी नींद को 8 घंटे से डेढ़ घंटे कर दिया और इससे उनके शरीर में अद्भुत बदलाव दिखे. हालांकि डॉक्टर्स का कहना है कि ये लाइफस्टाइल हर किसी के लिए अच्छी नहीं है और इसके साइड इफेक्ट हो सकते हैं.

# ये चार आदतें बैड कोलेस्ट्रॉल की कर देंगी छुट्टी

हृदय रोगों का खतरा सभी उम्र के लोगों में देखा जा रहा है। कुछ दशकों पहले तक हृदय रोगों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या के तौर पर जाना जाता था हालांकि अब कम आयु के, यहां तक कि 30 से कम उम्र के लोग भी इसका शिकार हो रहे हैं। जिन कारकों को इस समस्या के लिए जिम्मेदार माना जाता है उनमें ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर प्रमुख है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हाई कोलेस्ट्रॉल संपूर्ण शरीर के लिए खतरनाक है, इसे नियंत्रित रखने के लिए कम उम्र से ही प्रयास करते रहना जरूरी है।

### ■ कोलेस्ट्रॉल और इसके जोखिम कारक

कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार का होता है- गुड और बैड। रक्त में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और अन्य गंभीर समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। हाई कोलेस्ट्रॉल मुख्य रूप से वसायुक्त भोजन खाने, पर्याप्त व्यायाम न करने, अधिक वजन होने, धूम्रपान करने और शराब पीने के कारण होता है। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या रही है उन्हें अतिरिक्त सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।

### ■ आहार में करें बदलाव

आहार में कुछ प्रकार के बदलाव कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मददगार हो सकते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है कि आप भोजन से सैचुरेटेड फैट (संतृप्त वसा) वाली चीजों को कम करें। संतृप्त वसा, जो मुख्य रूप से रेड मीट और फुल फैट वाले डेयरी उत्पादों में पाए जाते हैं, ये कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाते हैं। कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने और हृदय को स्वस्थ रखने के लिए




ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले खाद्य पदार्थों में फैटी फिश, अखरोट और अलसी के बीज शामिल हैं।

### ■ बढ़ाएं फाइबर की मात्रा

अपने आहार में घुलनशील फाइबर की मात्रा बढ़ाएं। घुलनशील फाइबर आपके रक्तप्रवाह में कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को कम करने में मददगार हो सकता है। घुलनशील फाइबर ओटमील, राजमा, ब्रसेल्स स्प्राउट्स, सेब और नाशपाती जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है।

इसी तरह से प्रोटीन वाली चीजों को भी आहार का हिस्सा बनाना हृदय को स्वस्थ रखने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में सहायक हो सकता है।

### ■ नियमित व्यायाम

व्यायाम और अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाना भी कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल रखने का प्रभावी तरीका हो सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि व्यायाम की मदद से कोलेस्ट्रॉल में सुधार किया जा सकता है। मध्यम स्तर की शारीरिक गतिविधि हाई डेंसिटी वाले लिपोप्रोटीन (एचडीएल) यानी गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद कर सकती है। डॉक्टर की सलाह से रोजाना कम से कम 30 मिनट तक व्यायाम करें।

### ■ धूम्रपान से बना लें दूरी

धूम्रपान को हृदय रोग और हाई कोलेस्ट्रॉल के लिए प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है। इस आदत से तुरंत दूरी बना लेनी चाहिए। शोध से पता चलता है कि धूम्रपान छोड़ने के कुछ दिनों में ही आपका रक्तचाप और हृदय गति सामान्य होने लगती है। तीन महीने के भीतर, आपका रक्त परिसंचरण और फेफड़ों की कार्यक्षमता में भी सुधार होने लगता है।

# गणेश प्रिय मोदक

**खाना-खजाना**

### सामग्री :

गणेश जी के प्रिय मोदक घर पर बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी. जैसे एक कप चावल का आटा, एक कप नारियल का बुरादा, एक कप खोया, एक छोटा चम्मच इलायची पाउडर, दो बड़े चम्मच घी, स्वाद अनुसार चीनी, मोदक बनाने का सांचा और तलने के लिए तेल. आप इन सभी सामग्री का इस्तेमाल कर टेस्टी मोदक घर पर बना सकते हैं. यही नहीं यह रेसिपी कम समय में बनकर जल्दी तैयार हो जाती है.

### बनाने का तरीका :

मोदक बनाने के लिए सबसे पहले आप चावल के आटे में थोड़ा-थोड़ा पानी मिलाकर आटे को अच्छी तरह गूंथ लें. अब इस आटे को 15-20 मिनट के लिए ढककर रख दें. जब तक आटा ढककर रखा है. तब तक आप मोदक के अंदर भरने के लिए भरावन तैयार कर लें.

भरावन के लिए आपको एक पैन में घी गर्म करना होगा. अब इसमें नारियल का बुरादा मिलाकर अच्छी तरह सेंक लें. जब यह सुनहरा होने लगे, तब इसमें अपने स्वादानुसार चीनी, खोया, इलायची



पाउडर डालकर इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें.

अब इस भरावन को साइड में रख दें और गूंथे हुए आटे की छोटी-छोटी लोई बनाकर हर लोई को चपटा कर दें. अब लोई के बीच में भरावन रखें और किनारों को जोड़कर मोदक का आकार दें. अगर आप जल्दी और आसानी से मोदक बनाना चाहते हैं, तो मोदक बनाने के सांचे का इस्तेमाल कर सकते हैं.

अब आप एक कड़ाही में तेल गरम रखें और फिर धीरे-धीरे एक-एक मोदक को कढ़ाई में डालें. जब मोदक हल्के सुनहरे होने लगे, तब तक इसे तल लें. अब इन मोदक को प्लेट में निकाल कर भगवान गणेश को भोग लगा सकते हैं. यही नहीं आप इन मोदक को मेहमानों को भी खिला सकते हैं.

इस मोदक को और ज्यादा स्वादिष्ट बनाने के लिए आप भरावन में ड्राई फ्रूट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे मोदक का स्वाद और अच्छा लगेगा. यह एक आसान और स्वादिष्ट मोदक रेसिपी है, जिसे आप घर पर आसानी से तैयार कर

# सिंपल ट्रिक्स से घर में उगाएं अदरक



### ■ खत्म होगी बाजार से खरीदने की झंझट

किचन गार्डनिंग काफी पॉपुलर हो रहा है. बाजार में मिलने वाली मिलावटी चीजों से बचने के लिए लोग अपने घरों में छोटा सा गार्डन बनाने लगे हैं, जिसमें थोड़ी बहुत सब्जियों को उगाते हैं और हेल्दी फूड का सेवन करते हैं. आज हम आपके गार्डन के लिए एक और चीज लाए हैं, जिसका भारतीय रसोई में काफी महत्व है. यह कोई बड़ी सब्जी नहीं, बल्कि अदरक है. इसका सबसे ज्यादा यूज चाय में किया जाता है. इसका इस्तेमाल सब्जी बनाने के लिए मसालों में भी खूब किया जाता है. चाय में डालने से इसकी खुशबू दोगुनी हो जाती है.

होममेड अदरक हो तो सोचिए यह कितना हेल्दी होगा, क्योंकि बाजार में मिलने वाले अदरक कई तरीकों से तैयार होकर आते हैं. इनको केमिकल से साफ किया जाता है. इसलिए कुछ टिप्स को फॉलो कर आप अपने किचन गार्डन में सिंपल तरीके से अदरक को उगा सकते हैं.

### अदरक उगाने के लिए क्या जरूरी

- अदरक उगाने के लिए आपको उसके जड़ की जरूरत पड़ेगी. इसके अलावा आप अदरक के पौधों की कटिंग से भी इसे उगा सकते हैं.
- ध्यान रहे बाजार से ऑरगेनिक अदरक ही खरीदें और उसे रातभर के लिए पानी में भिगा दें ताकि आपको मालूम हो सके कि इसपर कोई केमिकल न हो.
- अब जरूरी है ऐसे गमलों की जो थोड़े बड़े साइज में हो, क्योंकि यह होरिजेंटली उगते हैं.
- अब इसमें थोड़ी नमी वाली मिट्टी डालें और कोकोपीट डालकर मिला लें. इससे पौधे की ग्रोथ अच्छी रहेगी. अब अदरक के जड़ को मिट्टी की सतह से 1-2 इंच नीचे डालकर ढक दें.
- मिट्टी सूखी न हो पाए, इसलिए इसमें हल्का पानी का छिड़काव करते रहें. ध्यान रहे ज्यादा पानी भी नहीं डालना है नहीं तो जड़ें सड़ने लगेंगी.
- इस गमले को 3-4 घंटे तक धूप भी दिखाते रहें. पोटैशियम से भरपूर खाद को मिट्टी पर मिलाते रहें. इससे ग्रोथ अच्छी रहेगी. यह आप किसी भी फर्टिलाइजर की दुकान से खरीद सकते हैं.
- यह 8 से 10 महीने में तैयार उग जाएंगे और आप इसकी अच्छे से हार्वेस्टिंग करने के लिए रेडी हो जाएंगे.

# एक किलो अंगूर से बनाएं साल भर के लिए किशमिश

### ■ सस्ते में बनेगा महंगा ड्राई फ्रूट

अगर आप किशमिश खाना पसंद करते हैं तो बता दें कि आप घर पर ताजा अंगूरों की मदद से फ्रेश किशमिश बना सकते हैं. दरअसल, इसे बनाना काफी आसान होता है और ये तरीका काफी किफायती भी है. यही नहीं, आप बाजार में मिलने वाले महंगे ड्राई फ्रूट्स की तुलना में बेहतर क्वालिटी की किशमिश घर पर बना सकते हैं. इसके अलावा, घर पर बनी किशमिश में कोई प्रिजर्वेटिव भी नहीं होता, इसे बनाना बेहद सस्ता भी पड़ता है. आप क्वालिटी पर भी नियंत्रण रख सकते हैं. तो चलिए जानते हैं कि स्नैक्स, मिठाई या किसी भी डिश में इस्तेमाल करने के लिए आप घर पर किशमिश किस तरह बना सकते हैं.

### सामग्री :

- ताजे अंगूर (ग्रीन या ब्लैक)
- सूती कपड़ा

### तरीका :

सबसे पहले ताजे और बिना किसी धब्बे वाले अंगूरों को छाट लें. अब इन अंगूरों को पानी में अच्छी तरह धो लें और डंठल हटा दें. अब उन्हें छलनी में डालकर



हवा में रखें जिससे पानी निकाल दें.

अब इन अंगूरों को सूती कपड़े पर या एक बड़ी ट्रे पर इस तरह फैलाकर रखें ताकि वे एक-दूसरे से चिपके नहीं. अब इसे आप धूप वाली जगह पर रखें. 4 से 5 दिनों में ये अच्छी तरह सूख जाएंगे और किशमिश बन जाएंगे.

अगर आपके घर में ओवन है तो आप ओवन का उपयोग कर भी इसे बना सकते हैं. पहले ओवन को 60-70 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें और अंगूरों को बेकिंग ट्रे पर रखकर 20 मिनट तक बेक करें. अब निकालकर ट्रे को पलटते रहें. जब ये किशमिश का रूप ले ले तो ओवन से इसे निकाल दें.

जब अंगूर पूरी तरह सूखकर किशमिश बन जाएं और उनका रंग गहरा हो जाएगा. अब इसे स्टोर करना है. इसके लिए आप इसे पहले ठंडा होने दें और एक एयरटाइट कंटेनर में इसे भरकर स्टोर करें. घर की बनी फ्रेश किशमिश महीनों ताजा रहेगी.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ :** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद सूचना मिल सकती है।

**कर्क :** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा। आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा।

**सिंह :** आज मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या :** व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा। यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।

**तुला :** जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु :** सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। सफलता के साधन जुटेंगे।

**मकर :** किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें। किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी।

**कुंभ :** ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा।

**मीन :** परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### छात्रा से दो युवकों ने किया रेप, धर्म परिवर्तन की कोशिश, कोर्ट में किशोरी ने बयां किया दर्द

**बागपत.** बागपत में माता कालोनी की रहने वाली रेप पीड़िता का पुलिस ने न्यायालय में बयान दर्ज कराया। न्यायाधीश के सामने पीड़िता ने दो युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म करने, तीन लोगों पर धर्म परिवर्तन करने का दवाब बनाने और जबरन नमाज पढ़वाने के आरोप लगाए। पीड़िता ने बयान में यह भी बताया कि वीडियो कॉल के जरिए भी उससे नमाज पढ़वाई गई। बयान दर्ज होने के बाद पुलिस ने पीड़िता को उसके परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। शहर की माता कालोनी में रहने वाले व्यक्ति ने 31 अगस्त की रात में बागपत कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी बेटी आठवीं कक्षा की छात्रा है। 31 अगस्त की शाम वह लापता हो गई थी। उन्होंने उसकी तलाश शुरू की तो वह कालोनी के ही रहने वाले वसीम के घर में युवक रिजवान के साथ मिली। वह किसी तरह अपनी बेटी को लेकर घर आया। इसके बाद रिजवान, वसीम और रोजू ने उसके घर में घुसकर लाठी डंडों से हमला कर दिया और उसकी बेटी का अपहरण करने का प्रयास किया। पीड़िता ने परिजनों को बताया कि रिजवान और वसीम ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

### पति ने पत्नी को पागल बताकर मांगा तलाक

**प्रयागराज.** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी के पागल होने को कारण बताते हुए तलाक की मांग करने वाले पति की याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही कहा कि पागलपन के आधार पर तलाक की मांग करने वाले पति को ही साक्ष्य के आधार पर अपनी बातों को साबित भी करना होगा। कोर्ट ने कहा कि मानसिक बीमारी के आधार पर तलाक के लिए ऐसी बीमारी होनी चाहिए जिसमें दिमाग का अपूर्ण विकास हो, मनोरोगी विकार सहित दिमाग का कोई अन्य विकार या विकलांगता शामिल है। इसके अलावा ऐसा मानसिक विकार जिसके चलते पीड़ित व्यक्ति असामान्य रूप से आक्रामक या गंभीर रूप से गैर-जिम्मेदाराना आचरण करे। कोर्ट ने कहा कि अपने दावे को अपीलकर्ता साबित नहीं कर पाया। न्यायमूर्ति एसडी सिंह व न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने शिव सागर की अपील पर यह आदेश दिया।

### 7 का पहाड़ा नहीं सुनाने पर छात्र की बेहरमी से पिटाई, टीचर ने डंडे से पीट-पीटकर उधेड़ी खाल

**आगरा.** आगरा के एक प्राइवेट स्कूल में टीचर ने पहाड़े न सुनाने पर कक्षा दो के छात्र को डंडों से बुरी तरह पीटा। उसकी खाल उधड़ गई। पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ये घटना पिनाहट के थाना मनसुखपुरा के गांव टोडा का है। प्रमोद सिंह का आठ साल का बेटा आशिक गांव के ही एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा दो का छात्र है। प्रमोद सिंह ने बताया कि शुक्रवार उनका बेटा स्कूल गया था। जहां अशोक कुमार नाम के शिक्षक ने उससे सात का पहाड़ा पूछा। सही जवाब नहीं दे पाने पर शिक्षक इस कदर नाराज हुआ कि उसने आशिक की बुरी तरह डंडों से पिटाई कर दी। डंडों की मार से उसकी खाल उधेड़ गयी।

# बुलेट छोड़, बैलेट पर जगा अलगाववादियों का भरोसा ?

- जम्मू-कश्मीर में बदल रही सियासी तस्वीर



**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 में कई अलगाववादी नेता मुख्यधारा की राजनीति में स्विच करते दिख रहे हैं। अलगाववादी नेता और हुर्रियत सदस्य सैयद सलीम गिलानी रविवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) में शामिल हो गए। गिलानी पीडीपी कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की मौजूदगी में इस राजनीतिक दल में शामिल हुए।

इसके बाद उन्होंने कहा, 'पीडीपी ऐसी पार्टी है जो लोकतांत्रिक अधिकारों, मानवाधिकारों और लोगों के राजनीतिक अधिकारों की बात करती है। यह कश्मीर समस्या के राजनीतिक समाधान की बात करती है। इसलिए मुझे लगा कि इसमें शामिल होने के लिए यह सही पार्टी है।' उन्होंने कहा कि कश्मीर मुद्दे का समाधान केवल राजनीतिक रूप से ही हो सकता है। बंदूक से कोई समाधान नहीं हो सकता। हिंसा में खत्म हो रही जिंदगियों को बचाने का यही एकमात्र तरीका है।

सैयद सलीम गिलानी जेल में बंद अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह का करीबी सहयोगी रहा है। वह मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाली हुर्रियत कॉन्फ्रेंस की जनरल काउंसिल के सदस्य थे। गिलानी का स्वागत करते हुए मुफ्ती ने कहा कि यह अच्छी बात है कि पूर्व अलगाववादी नेता कश्मीर समस्या का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने गिलानी से PDP के टिकट पर चुनाव लड़ने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने में असमर्थता जताई। उन्होंने कहा कि किसी और को चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए।'

#### 'पहले बहिष्कार किया करते थे अलगाववादी'

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने भी इसका स्वागत किया है। उमर ने कहा कि अलगाववादी नेताओं का मुख्यधारा के दलों में शामिल होने और जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने का फैसला वैचारिक बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा, 'इससे पहले जब भी चुनाव होते थे, अलगाववादी बहिष्कार का मुद्दा उठाते थे। आज वे चुनाव लड़ रहे हैं। यह दर्शाता है कि वैचारिक परिवर्तन हुआ है।' उमर अब्दुल्ला से पूछा गया कि क्या अलगाववादी नेता सैयद सलीम गिलानी का पीडीपी में शामिल होना 2002 के चुनावों में पीडीपी को अलगाववादियों के समर्थन का सबूत है? इस पर उन्होंने कहा कि आप मुझसे इस सवाल का जवाब दिलवाकर दरार पैदा करना चाहते हैं, तो मैं इसका जवाब नहीं दूंगा।

### सरजान बरकती का नामांकन पत्र खारिज

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच के दौरान जेल में बंद अलगाववादी सरजान बरकती सहित 35 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए, जिससे अब मैदान में 244 उम्मीदवार रह गए हैं। जिन 35 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज हुए हैं, उनमें जेल में बंद अलगाववादी कार्यकर्ता सरजान अहमद वागय उर्फ सरजान बरकती भी शामिल है।

बरकती की बेटी सुगरा ने शोपियां जिले के जैनापुरा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर बरकती का नॉमिनेशन दाखिल किया था।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंटी रेप बिल पास

## पीड़ित कोमा में गई या मौत हुई तो दोषी को 10 दिन में फांसी होगी

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को एंटी रेप बिल पास हो गया। नए कानून के तहत रेप केस की 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी। इसके अलावा पीड़ित के कोमा में जाने या मौत होने पर दोषी को 10 दिन में फांसी की सजा होगी। भाजपा ने भी बिल का समर्थन किया है।



इसे अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक 2024 (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) नाम दिया गया है। अब इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। उसके बाद यह राष्ट्रपति के पास जाएगा। दोनों जगह पास होने के बाद यह कानून बन जाएगा।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर हुआ था। इसके बाद देशभर में डॉक्टरों और राजनीतिक दलों के प्रदर्शन के बाद ममता बनर्जी ने कहा था कि वो राज्य में रेप जैसे अपराध के लिए सख्त कानून बनाएंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री को भी इसके लिए दो बार चिट्ठी लिखी थी।

ममता बोलीं- विपक्ष हाथरस-उन्नाव केस पर चुप रहा

ममता ने बिल पर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा- पश्चिम बंगाल में महिलाओं के लिए 88 फास्ट ट्रैक कोर्ट और 52 विशेष अदालतें हैं। इनमें 3 लाख से ज्यादा मामले दर्ज हैं और उनमें से 3 लाख 11 हजार 489 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में 7,000 मामले लंबित हैं।

ममता ने विपक्ष के आरोपों पर कहा- विपक्ष कहता है कि ट्रेनों में रेप होता है, वहां सुरक्षा करना RPF का काम है। विपक्ष उन्नाव और हाथरस मामले पर चुप है। यह हर राज्य में हो रहा है, लेकिन मैं इसका महिमामंडन नहीं कर रही हूं। आज देश में हर दिन 90 रेप केस हो रहे हैं। केवल 2.56% आरोपी ही दोषी ठहराए गए हैं।

### दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस

## AAP विधायक अमानतुल्लाह को 4 दिन की ED रिमांड

- 6 सितंबर को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली.** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने AAP विधायक अमानतुल्लाह खान को 4 दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ED) हिरासत में भेज दिया। एजेंसी 2 सितंबर की सुबह वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके घर छापा मारने पहुंची थी। सुबह 8:15 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक पूछताछ और तलाशी के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया।



देर शाम उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां ED ने उनकी 10 दिन की रिमांड मांगी थी। एजेंसी ने कहा कि आरोपियों और गवाहों से पूछताछ करने की जरूरत है। हालांकि, कोर्ट ने 4 दिन की कस्टडी का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 6 सितंबर को होगी।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 9 नक्सली मार गिराए

- दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर 13 घंटे चली मुठभेड़



**दंतेवाड़ा.** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर मंगलवार (3 सितंबर) को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 9 नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों ने मारे गए नक्सलियों के शव और SLR राइफल, 303 और 315 बोर राइफल, विस्फोटक बरामद किया है। मुठभेड़ किरंदुल थाना क्षेत्र में बैलाडीला के जंगल में हुई।

बताया जा रहा है कि करीब 13 घंटे तक मुठभेड़ चली है। फिलहाल इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। ऑपरेशन में शामिल सभी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। अफसरों के मुताबिक, ज्यादा जानकारी जवानों के लौटने के बाद ही मिलेगी। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, जवानों की भुजाओं की ताकत है, जिसके आगे पूरा बस्तर शांत होने वाला है।

#### नक्सलियों की सूचना पर रात में रवाना हुए थे जवान

दंतेवाड़ा जिले के SP गौरव राय ने को बताया कि, बैलाडीला की पहाड़ियों के नीचे पुरंगेल, लोहा गांव की तरफ पश्चिम बस्तर डिवीजन के माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद DRG और CRPF के जवानों को रात में सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। जवान जब नक्सलियों के कोर इलाके में घुसे तो नक्सलियों ने गोलियां बरसाना शुरू कर दिया।

नारायणपुर के अबूझमाड़ में भी जवानों ने 29 अगस्त को मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया था। इनकी पहचान उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी और पीएलजीए कंपनी नंबर 5 की सदस्य के रूप में हुई थी। इन पर 18 लाख का इनाम था। मौके से जवानों ने 303 राइफल और 315 बोर की बंदूक समेत भारी मात्रा में हथियार और नक्सली सामग्री बरामद की थी।

### गुजरात में कोस्ट गार्ड का हेलिकॉप्टर समुद्र में गिरा : 3 क्रू-मेंबर्स लापता

पोरबंदर. गुजरात के पोरबंदर तट के पास इंडियन कोस्ट गार्ड (ICG) का एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) अरब सागर में गिर गया। हेलिकॉप्टर पर सवार 4 में से 3 क्रू मेंबर्स लापता हैं। एक को बचाया गया है। हेलिकॉप्टर का मलबा मिल गया है। घटना सोमवार (2 सितंबर) की है। ICG ने मंगलवार (3 सितंबर) को सुबह 10:12 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर हादसे की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हेलिकॉप्टर पोरबंदर तट से 45 किलोमीटर दूर कार्गो शिप पर रेस्क्यू मिशन के लिए गया था। हेलिकॉप्टर पर 2 पायलट और 2 गोताखोर सवार थे। इनमें 1 गोताखोर को बचाया गया है।

- कोस्ट गार्ड ने सर्च के लिए 4 जहाज और 2 विमान भेजे

कोस्ट गार्ड ने बताया कि दोनों पायलट और एक गोताखोर की तलाश के लिए 4 जहाज और 2 विमान भेजे हैं। ALH ने हाल ही में गुजरात में बाढ़ प्रभावित इलाकों से 67 लोगों का रेस्क्यू किया था।

# मणिपुर में लगातार दूसरे दिन ड्रोन अटैक

- कुकी उग्रवादियों ने मैतेई इलाके में बम गिराए, 2 घायल;

**इंफाल.** मणिपुर में इंफाल जिले के सेजम चिरांग गांव में सोमवार (3 सितंबर) की शाम उग्रवादियों ने ड्रोन अटैक किए। जिसमें में एक महिला समेत 3 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दो दिन में दूसरा ड्रोन अटैक है।

सोमवार शाम करीब 6.20 बजे सेजम चिरांग के रिहायशी इलाके में ड्रोन से 3 विस्फोटक गिराए, जो छत को तोड़ते हुए घरों के अंदर फटे। उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटी से गोलीबारी भी की। जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की।



सेजम चिरांग गांव, कोत्रुक से करीब 3 किमी दूर है, जहां रविवार 1 सितंबर को ड्रोन हमले और गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी और 9 लोग घायल भी हुए थे। ये आशंका जताई जा रही है कि कुकी उग्रवादियों को ड्रोन वॉरफेयर के लिए म्यांमार से टेक्निकल सपोर्ट और ट्रेनिंग मिल रही है, या वे सीधे तौर पर इसमें शामिल हैं।

मणिपुर सरकार ने इन ड्रोन अटैक की जांच करने के लिए हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की अगुआई एडिशनल DGP आशुतोष कुमार सिन्हा करेंगे। कमेटी के अन्य सदस्यों में मेजर जनरल एसएस कार्तिकेय, मेजर जनरल रवरूप सिंह और दो अन्य हाई रैंकिंग अधिकारी विपुल कुमार और जेके बिरदी शामिल हैं।

> ड्रोन से आबादी और सुरक्षा बलों पर बम गिराना आतंकवाद है। मैं इस कायरता की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। राज्य सरकार कार्रवाई करेगी। मणिपुर के लोग नफरत और अलगाववाद के खिलाफ एकजुट होंगे।
>
> **- एन बीरेन सिंह,** मुख्यमंत्री (मणिपुर)

# जम्मू में आतंकियों की फायरिंग से 1 जवान शहीद

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के सुंजवान मिलिट्री स्टेशन पर सोमवार सुबह आतंकियों ने सेना पर फायरिंग की है. इसमें एक जवान शहीद हो गया है. सेना के अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने मिलिट्री स्टेशन के बाहर से छिपकर स्नाइपर गन से गोलियां चलाई थीं. जवान के घायल होने के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया. इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. सेना और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है. ड्रोन से भी इलाके की निगरानी की जा रही है. जम्मू-कश्मीर के सांबा में सुरक्षाबलों ने 3 पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया है. सुरक्षाबलों ने बताया कि ये हथियार ड्रोन से गिराए गए थे. BSF और पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है. सर्च ऑपरेशन भी तेज कर दिया गया है. जम्मू-कश्मीर में 5 दिन में यह दूसरा हमला है. इससे पहले 29 अगस्त को कुपवाड़ा में एनकाउंटर में 3 आतंकी मारे गए थे. इनमें दो टेररिस्ट माछिल और एक तंगधार में मारा गया था. सेना ने बताया था कि माछिल और तंगधार में 28-29 अगस्त की देर रात खराब मौसम के बीच संदिग्ध गतिविधि देखी गई थी.

# केजरीवाल की हिरासत 11 सितंबर तक बढ़ी

- राउज एवेन्यू कोर्ट ने CBI की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लिया

**नई दिल्ली.** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब नीति मामले से जुड़े CBI केस में CM अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 11 सितंबर तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने CBI की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर भी संज्ञान लिया और केजरीवाल को समन जारी किया।

CBI ने अरविंद केजरीवाल, दुर्गेश पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर, सरथ रेड्डी के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी। कोर्ट ने आरोपियों को जवाब दाखिल करने के लिए 11 सितंबर तक का समय दिया है।



27 अगस्त को कोर्ट ने CBI की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। तब केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। CBI ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते, यानी 3 सितंबर तक ही हिरासत बढ़ाई थी।

# बांग्लादेश ने पाक के खिलाफ पहली बार टेस्ट सीरीज जीती



- दूसरा मैच 6 विकेट से जीता
- सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया

बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट के इतिहास की पहली बार टेस्ट सीरीज जीत ली है। टीम ने रावलपिंडी में खेले गए दूसरे मैच में पाकिस्तान को मुकाबले के आखिरी दिन मंगलवार को 6 विकेट से हराया। बांग्लादेश के लिए लिट्टन दास ने पहली पारी में शतक लगाया।

बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच में भी पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इसी के साथ नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी वाली टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट सीरीज खेली गई थी और सभी पाकिस्तान ने जीती थी। दोनों टीमों ने साल 2001 में पहली बार टेस्ट खेला था।

#### दूसरी पारी में शांतो-मोमिनुल हक के बीच 119 रन की साझेदारी

पाकिस्तानी टीम सोमवार को दूसरी पारी में 172 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने बांग्लादेश को जीत के लिए 185 रन का टारगेट दिया था। बांग्लादेश ने आज यानी मंगलवार को अपने दूसरी पारी में 42 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बांग्लादेश की ओर से दूसरी पारी में कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और मोमिनुल हक के बीच 57 बॉल पर 119 रन की साझेदारी हुई। टीम के लिए जाकिर हसन 40, शांतो 38, मोमिनुल 34, और शादमान इस्लाम 24 रन बनाए।

रविवार को मैच के तीसरे दिन बांग्लादेश पहली पारी में 262 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने एक समय 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां लिट्टन दास और मेहदी हसन ने 165 रन की साझेदारी करके टीम को 190 पार पहुंचाया।

# 12वीं के छात्र को गोतस्कर समझकर मार डाला

- गोरक्षकों ने 30km कार का पीछा किया
- पांचों आरोपियों ने सरेंडर किया

**पलवल.** हरियाणा के पलवल में गोरक्षकों ने कार सवार छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 23 अगस्त की है। मृतक की पहचान फरीदाबाद के रहने वाले आर्यन मिश्रा के रूप में हुई है। वह 12वीं कक्षा का छात्र था। इस मामले में 5 आरोपियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है।



सोमवार, 3 सितंबर को पुलिस ने खुलासा किया कि पकड़े गए लोग गोरक्षा दल से जुड़े हुए हैं। उन्हें सूचना मिली थी कि डस्टर गाड़ी में कुछ तस्कर शहर में घूम रहे हैं।

वहीं आर्यन मिश्रा अपने दोस्तों के साथ डस्टर गाड़ी में नूडल खाने के लिए गया था। गोरक्षकों ने उन्हें तस्कर समझकर दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे पर करीब 30 किलोमीटर तक पीछा किया। इसके बाद फायरिंग करनी शुरू कर दी। इसमें गोली लगने से आर्यन की मौत हो गई।

#### 23 अगस्त को नूडल खाने निकले थे

फरीदाबाद NIT के 5 नंबर इलाके में रहने वाला आर्यन मिश्रा 23 अगस्त की रात को 11 बजे घर से दोस्त शैंकी, मकान मालिक के बेटे हर्षित, उसकी मां श्वेता गुलाटी और 2 महिलाओं के साथ वर्धमान मॉल में नूडल खाने के लिए गया था। इसी दिन गोरक्षकों को सूचना मिली थी कि शहर में डस्टर और फॉर्च्यूनर गाड़ी में गौ तस्कर घूम रहे हैं। आर्यन मिश्रा और बाकी लोग जब नूडल खाकर लौट रहे थे तो सेक्टर 21 के पास स्विफ्ट कार सवारों ने हर्षित की डस्टर कार को रुकने का इशारा किया। गाड़ी हर्षित चला रहा था। साथ में आर्यन बैठा था।

# कोलकाता रेप-मर्डर, डॉक्टरों के प्रदर्शन का 25वां दिन

- पुलिस बैरिकेडिंग हाटने को राजी
- बेंटिक स्ट्रीट तक मार्च को मंजूरी
- पूर्व प्रिंसिपल अलीपुर कोर्ट में पेश




**कोलकाता.** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ 8-9 अगस्त की रात रेप-मर्डर केस में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन 25वें दिन भी जारी है। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने मंगलवार को पुलिस हेडक्वॉर्टर के बाहर धरना दिया। वे पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

डॉक्टरों ने आम लोगों के साथ सोमवार को 2 सितंबर को पुलिस हेडक्वॉर्टर लालबाजार तक रैली निकाली थी। पुलिस ने हेडक्वॉर्टर से आधा किमी पहले बीबी गांगुली स्ट्रीट पर ही बैरिकेडिंग लगाकर सभी को रोका था।

सोमवार से ही सभी वहीं बैठे हुए हैं। रातभर प्रदर्शन किया गया। डॉक्टरों ने पुलिस बैरिकेड पर रीढ़ की हड्डी और लाल गुलाब लगा दिए। उनका कहना था इससे पुलिस को जनता के लिए उसका फर्ज याद दिलाने की कोशिश की गई है।

वहीं, आज पुलिस ने जूनियर डॉक्टरों की मांग को माना और बैरिके हटाने को राजी हुई। साथ ही ट्रैफिक कमिश्नर ने डॉक्टरों को बेंटिक स्ट्रीट जाने की परमिशन दी। अब डॉक्टरों का 22 सदस्यों वाला प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिलकर अपनी मांगें रखेगा।

इधर, CBI आज आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और तीन अन्य लोगों को CBI अलीपुर जजेज कोर्ट में पेश करेगी। इन सभी को अस्पताल में भ्रष्टाचार के मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया गया था।

#### डॉक्टर बोले- पुलिस हमसे डरी हुई है

प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों का आरोप है कि पुलिस ने रेप-मर्डर केस की जांच में शुरू से ही लापरवाही की है। उन्होंने पुलिस कमिश्नर गोयल की तस्वीरें हाथ में लेकर उनके इस्तीफे की मांग की। बीबी गांगुली स्ट्रीट पर रोके जाने के बाद डॉक्टरों ने पुलिस कमिश्नर का पुतला भी जलाया। धरने पर बैठे एक डॉक्टर ने न्यूज एजेंसी PTI से कहा- हमें नहीं पता था कि कोलकाता पुलिस हमसे इतनी डरी हुई है कि हमें रोकने के लिए 9 फीट ऊंचा बैरिकेड लगा देगी। हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक हमें लालबाजार पहुंचने और कमिश्नर से मिलने की परमिशन नहीं दी जाती। हम तब तक यहीं बैठे रहेंगे।

### आम सूचना

हम श्री राकेश सीताराम गुप्ता व श्रीमती कुसुम राकेश गुप्ता सभी को सूचित कर रहे हैं कि हाऊस, सामने बैरक नं. 735, शास्त्री नगर, पंजाबी कालोनी, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 25बीओ004512500) उक्त प्रॉपर्टी श्री हनुमंत बसवराज पाटिल के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 11.5.2021 सी.नं. 21/21 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राकेश सीताराम गुप्ता**
**व श्रीमती कुसुम राकेश गुप्ता**

### आम सूचना

हम श्री रामआश्रय शोबली यादव व श्री दिनेश सहबली यादव सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, बैरक नं. 119 के सामने, हनुमान नगर, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 05एओ014338600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती विमला देवी मदनलाल सिकलीगर के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 2.9.2024 सी.नं. 4059 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रामआश्रय शोबली यादव**
**व श्री दिनेश सहबली यादव**

**संक्षेप...**

### छत से गिरने से युवती की मौत

**मुंबई.** प्रेमी के साथ छत पर सो रही युवती के छत पर से गिरने की वजह से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने एडीआर दर्ज किया है, जिसकी जांच चल रही है। बगल के ही झोपड़पट्टी में रहनेवाली युवती अपने प्रेमी के साथ बंद एमटीएनएल बिल्डिंग के छत पर चली गई। लेकिन रात को ही वह छत पर सोते वक्त पांचवें मंजिल से गिर पड़ी, पुलिस संबंधित मामले की जांच करने में जुटी हुई है। शिवड़ी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम कशिश कस्बे (19) है और वह शिवड़ी के एक स्लम में रहती है और अपने प्रेमी के साथ एमटीएनएल की बंद बिल्डिंग के छत पर जाकर सो गई। सुबह लगभग सात बजे वह छत के पांचवें मंजिल से सीधे नीचे गिर पड़ी।

# अजित पवार गुट ने मांगी 60 से ज्यादा सीटें

**■ महायुति में अजित गुट ने बढ़ाई टेंशन**

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा का चुनाव इस साल अंत तक हो जाना है. तारीखों का ऐलान कभी भी हो सकता है. इसके चलते सभी राजनीतिक दलों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं. लेकिन चुनाव की पृष्ठभूमि में महायुति में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान शुरू हो गई है. सूत्रों के मुताबिक उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 60 से ज्यादा सीटों की मांग की है. एनसीपी अजित पवार गुट की ओर से बताया गया है कि उनकी पार्टी इन सभी सीटों पर चुनाव लड़ने और जीतने का माद्दा रखती हैं. पूरे मसले पर हाल ही में अजित पवार



गुट की आंतरिक बैठक हुई.

सूत्रों के मुताबिक प्रफुल्ल पटेल के आवास पर अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की अहम बैठक हुई. इस बैठक में महायुति में सीट बंटवारे पर चर्चा हुई. एकनाथ शिंदे, देवेन्द्र फड़णवीस से मुलाकात के बाद यह अजित पवार गुट की आंतरिक बैठक थी. इस बैठक में अजित पवार गुट के नेताओं ने 60 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई. सूत्र ये भी बता रहे हैं कि अजित पवार को 60 से 65 सीटें मिलने पर महायुति में सीट शेयरिंग को लेकर असंतोष है.

**महायुति बनाम महा विकास अघाड़ी**

लोकसभा चुनाव के बाद अब विधानसभा चुनाव में महायुति बनाम महा विकास अघाड़ी के बीच टक्कर देखने को मिलेगी. इसी के चलते दोनों पार्टियां फिलहाल सीट बंटवारे को लेकर चर्चा करती नजर आ रही हैं. सूत्रों ने जानकारी दी है कि एनसीपी अब महायुति में 60 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. एनसीपी के पास फिलहाल 54 विधायक हैं. अजित पवार ने ये भी दावा किया है कि एक सभा में कांग्रेस के तीन विधायक और तीन निर्दलीय विधायक उनके साथ थे. उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस के हीरामन खोसकर, जीशान सिद्दकी और सुलभा खोडके जल्द ही उनके साथ जुड़ेंगे. अजित पवार ने कहा था कि शेकाप के निर्दलीय विधायक देवेंद्र भुयार, संजय मामा शिंदे और श्यामसुंदर शिंदे भी उनके साथ हैं. इसलिए कहा जा रहा था कि अजित पवार 60 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं.

**विधानसभा की सीटों का बंटवारा जारी**

जानकारी के मुताबिक बीजेपी आधी से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बना चुकी है. यानी बीजेपी 288 में से 150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. इसलिए महायुति में सीट शेयरिंग को लेकर फिलहाल मंथन चल रहा है.

# भिवंडी में शातिर चोर धराया



⏭उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी गए 2 मोबाइल फोन,1 ऑटोरिक्शा व 1 मोटरसाइकिल कुल 1 लाख 17 हजार रूपये कीमत के मुद्देमाल को जब्त किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शांतिनगर पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े के नेतृत्व में पुलिस कर्मी रिजवान सैयद,श्रीकांत भायगुडे,दीपक सानप,रूपेश जाधव, मनोज मुके, प्रशांत बर्वे को मुखबिर से गायत्री नगर निवासी एक संदिग्ध युवक के बारे में सूचना मिली.पुलिस टीम घर ने शातिर चोर जुनेद उर्फ गुलाब शाह को हिरासत में लिया.गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी के 2 मोबाइल फोन मिले. आरोपी से और गहनता से पूछताछ की गई तो उसने एक ऑटोरिक्शा व मोटरसाइकिल चोरी करने के बात कबूल कर ली.पुलिस ने उसके पास से दोनों गाडियां भी बरामद कर ली है.पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है.

**एसएसटी महाविद्यालय के छात्रों की**

# ‘प्रकृति’ अंतरमहाविद्यालयीन महोत्सव में शानदार सफलता



**उल्हासनगर.** सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले उल्हासनगर 4 के एसएसटी महाविद्यालय के छात्रों ने एक बार फिर अपने कौशल की चमक दिखाई। कलानी कॉलेज द्वारा आयोजित ‘प्रकृति’ अंतरमहाविद्यालयीन महोत्सव में उन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय के गौरव को एक नया आयाम दिया।

इस महोत्सव में निबंध लेखन प्रतियोगिता में फहरिन शेख ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में पूर्वा भोजने ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में साक्षी नाइक ने द्वितीय स्थान प्राप्त कि या ।



महाविद्यालय की ‘डांस मैनिया’ टीम ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा, सोलो डांस में सुरज कदम ने प्रथम और श्रवण माळी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ड्रामॅनॉमिक्स के छात्रों ने पथनाट्य प्रतियोगिता में अपने प्रभावी अभिनय से प्रथम स्थान पर विजय प्राप्त की।

छात्रों की इस सफलता पर महाविद्यालय के प्रबंधन, संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, संजीवनी सांस्कृतिक समिति, सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्रों ने भरपूर बधाई दी। यह विजय उनके अथक परिश्रम और सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक है।

# अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर मनाया गया जन्मदिन



⏭उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** जिला सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर अनोखे अंदाज में जन्मदिन मनाकर समाज को दिया संदेश। आज आधुनिक युग में अक्सर लोग केक काटकर व पार्टी कर जन्मदिन मनाते हैं। वही पत्रकार सुदाम खारकर ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े के उपस्थिति में मेल वार्ड, फीमेल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड में फल वितरण कर समाज को दिया संदेश।

इस अवसर पर पत्रकार मंगेश प्रभूलकर, धर्मेंद्र उपाध्याय, चंद्रभूषण विश्वकर्मा, जितेंद्र मिश्रा, अश्विनी भालेराव, जया विश्वकर्मा, समाज सेवक दिपकराव खैरनार, निर्मल शर्मा समाजसेविका पुनमताई खैरनार, राजश्री खारकर आदि मौजूद रहे।

बता दे कि सुदाम खारकर पेशे से एक पत्रकार है और उन्होंने कहा कि आज कल बड़ो से लेकर बच्चो तक जन्मदिन मनाने के लिए केक काटना और पार्टी करना एक ट्रेंड बन गया है जिसका समाज और हमारे बच्चो पर गलत प्रभाव पड़ रहा है और ज्यादातर बच्चे पार्टी के बहाने नशे की लत में पड़ रहे है जिसका खामियाजा हमारे समाज को भुगतना पड़ रहा है ।

खारकर ने यह भी कहा की केक काटकर जन्मदिन मनाना हमारे सभ्यता में नहीं है हमें अपना जन्मदिन भगवान की पूजा पाठ कर अपने बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त कर लोगो की सेवा करके मनाना चाहिए और मैंने वही किया मुझे लगता है कि यह काम सभी को करना चाहिए , खारकर के इस कार्य की सराहना करते हुए ठाणे के सिविल सर्जन डाक्टर कैलाश पवार ने कहा की हम सभी भारतवासी को यह कार्य करना चाहिए क्योंकि हमारे संस्कार में है कि हम अपनों से बडो का आशीर्वाद ले और लोगो की सेवा करे , आज हम जो कार्य करेंगे कल जाकर हमारे बच्चे भी वही करेंगे ।

# सड़क हादसे में 2 गोविंदा की गई जान

**वाशिंद फार्म हाउस से जश्न मनाकर घर वापसी में टैंकर की टक्कर से मौत**

**भिवंडी.** दही हंडी उत्सव में इनाम की धनराशि से फार्म हाउस से दोस्तों के साथ जश्न मनाकर घर लौट रहे एक्टिवा सवार 3 गोबिंदा को अज्ञात टैंकर ने टक्कर मार दी. टक्कर से एक्टिवा सवार 2 गोबिंदा की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और एक्टिवा चालक आंशिक रूप से घायल हो गया है.

हादसे की सूचना मिलते ही भिवंडी तालुका पुलिस मौके पर पहुंच कर मृतक युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएम अस्पताल लाई और घायल को उपचार के लिए एडमिट कराया.पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया



है.दर्दनाक हादसे से परिजनों सहित समूचे क्षेत्र में मातम पसरा है.

मिली जानकारी के अनुसार, दही हंडी उत्सव में नकद धनराशि जीतने के बाद गोबिंदा पथक में शामिल कुछ दोस्त भिवंडी से पार्टी मनाने के लिए भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन अंतर्गत वासिंद स्थित एक फार्म हाउस पर 2 दिन पूर्व गए थे. सोमवार सुबह करीब 5.30 एक एक्टिवा पर सवार होकर 3 दोस्त जब घर लौट रहे थे उसी दौरान मुंबई-नासिक महामार्ग स्थित संग्रीला होटल के सामने तीव्र गति से आया एक टैंकर एक्टिवा को जोरदार टक्कर मारते हुए आगे निकल गया.अज्ञात टैंकर की टक्कर से एक्टिवा चालक राहुल प्रजापति सड़क किनारे छिटक कर गिरने से बाल-बाल बच गया लेकिन एक्टिवा सवार दोनो दोस्त आशीष वर्मा (15) निवासी न्यू टावरे कंपाउंड और खुर्शीद आलम (18) निवासी गुप्ता कंपाउंड कारीवली की सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हादसे की खबर से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर फैली है.

### वागले इस्टेट में सड़क पर खड़े 12 लावारिस वाहनों को हटाया

**ठाणे.** गणेशोत्सव पर्व में नागरिकों को किसी भी तरह की अड़चन उत्पन्न नही हो इसके लिए मनपा नौपाडा परिमंडल ने सड़कों पर खड़ी वाहनों को हटाने के लिए मुहिम हाथ में लिया है।पहले दिन की कार्रवाई के दौरान वागले इस्टेट प्रभाग समिति में सड़क पर खड़े छोटे-बड़े 12 वाहनों को हटाया गया।भगवान गणेश के आगमन के दौरान यातायात जाम की समस्या उत्पन्न नही हो इसके लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार विशेष मुहिम मनपा ने शुरू किया है।मनपा उपायुक्त शंकर पाटोले व सहायक आयुक्त भालचंद्र घुगे के उपस्थिति में यह कार्रवाई किया गया।शहर में गणेशोत्सव के दरम्यान भगवान गणेश के आवगमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही हो इसके लिए सड़कों पर खड़े लावारिस वाहन, अवैध हाथ गाड़ी को हटाने का आदेश जारी किया गया है।इस तरह से सड़कों पर खड़े वाहनों की जानकारी मनपा प्रभाग समिति में देने के लिए उपायुक्त शंकर पाटोले ने नागरिकों से आवाहन किया है।

# टोरेंट पॉवर का इमरजेंसी मेडिकल हेल्प प्रशिक्षण शिविर



⏭उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** टोरेंट पॉवर कंपनी द्वारा जन जागरूकता की खातिर इमरजेंसी मेडिकल हेल्प प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण शिविर कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) और कम्प्रेशन-ओनली लाइफ सपोर्ट (सीओएलएस) तकनीकों पर केंद्रित था.हेल्थ प्रशिक्षण शिविर का संचालन ठाणे जुपिटर अस्पताल के डॉ.लकी कासट,रोटरी क्लब ऑफ ठाणे प्रीमियम के प्रसिद्ध चिकित्सक व रोटरी क्लब ऑफ ठाणे लेक सिटी के सदस्य डॉ.सुप्रिया लाड चिंचोलकर ने किया.प्रशिक्षण के दौरान 250 से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न मेडिकल हेल्प के बारे में शिक्षित किया गया.डॉक्टरों ने पेशेवर चिकित्सा सहायता मिलने तक महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करने में उक्त तकनीकों के महत्व पर जोर दिया.डॉक्टरों ने लाए गए पुतलों का उपयोग करके व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया.डॉ.लकी व डॉ.सुप्रिया ने टोरेंट पॉवर की अमूल्य पहल की सराहना की.टोरेंट पॉवर जनसम्पर्क अधिकारी चेतन बदियानी ने बताया कि, टोरेंट पावर कंपनी कर्मचारियों की भलाई और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है.

# सेंचुरी रेयान में सुरक्षा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

उल्हासनगर : ग्रासिम इंडिया लि. (यूनिटः सेंचुरी रेयॉन) ने हाल ही में औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य निदेशालय, कल्याण और मार्ग के सहयोग से एक प्रतिक्रियाशील रासायनिक खतरा और प्रक्रिया सुरक्षा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छोटी कंपनी के मालिकों, वरिष्ठ प्रबंधन आदि के बीच प्रतिक्रियाशील रासायनिक खतरों और उनके परिणामों के बारे में जागरूकता पैदा करना था। कल्याण विभाग एवं अन्य क्षेत्रों में अचानक बढ़ी घटनाओं के कारण जे.टी. संचालक डीआईएसएच सुरेश जोशी ने रसायनों के खतरों और उनके महत्व और आवश्यकता पर जोर दिया। दो प्रक्रिया सुरक्षा प्रबंधन विशेषज्ञ कार्तिक बी. और उमेश ढोमणे ने पूरे सत्र में उदाहरणों के साथ 14 प्रक्रिया सुरक्षा प्रबंधन तत्वों को समझाया। विभिन्न वीडियो और पुरानी आपदाओं पर विस्तार से चर्चा की गई है। प्रतिक्रियाशील रसायनों और उनकी प्रतिक्रियाशीलता के खतरों पर भी चर्चा की गई है।

सुरेश जोशी, जे.टी. संचालक



डीआईएसएच, कल्याण ने ऐसे पूरे दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम और शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी की आवश्यकता व्यक्त की। मिलिंद भंडारकर उपाध्यक्ष, ग्रासिम इंडिया लिमिटेड (यूनिटः सेंचुरी रेयॉन) ने प्रक्रिया सुरक्षा प्रबंधन के महत्व को बताया। प्रकाश भट्ट ने प्रतिक्रियाशील खतरों की जरूरतों और महत्व के बारे में बताया।

सचिन भेले, उपसंचालक डीआयएसएच, एल गोराणे, उपसंचालक. संचालक डीआयएसएच, सहाय्यक संचालक, श्रीमती शिंदे एवं गायकवाड, कल्याण, श्रीकांत गोरे उपाध्यक्ष एचआर, ग्रासिम इंडिया एवं कृष्णा यादव, व्यवस्थापक-EHS. श्रीमती क्लॉडेट डीसूझा, एजीएम एचआर एवं सेंच्युरी रेयॉन ने तुलनात्मक कार्यक्रम की मेजबानी की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 177 प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में कल्याण डोंबिवली एमआईडीसी, अंबरनाथ एमआईडीसी, उल्हासनगर और बदलापुर उद्योग के सदस्य हैं।

# इंजरी के बावजूद शूटिंग कर रहे सलमान खान

**■ 45 दिनों का शेड्यूल शूट कर हैदराबाद जाएंगे मेकर्स**

सलमान खान इन दिनों नर्व इंजरी के बावजूद अपकमिंग फिल्म ‘सिकंदर’ की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के सेट से सलमान और प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला की एक नई तस्वीर सामने आई है।



मेकर्स इन दिनों फिल्म का 45 दिनों का एक शेड्यूल शूट कर रहे हैं। इसके आगे की शूटिंग हैदराबाद के एक महल में की जाएगी।

**□ प्लेन में एक्शन सीन शूट करेंगे सलमान**

इस फिल्म की शूटिंग जून में शुरू हुई थी। इसके लिए मेकर्स ने धारावी और माटुंगा जैसे सेट बनाए हैं। फिल्म में एक बड़ा एक्शन सीन है जिसे सलमान के साथ सी लेवल से 33,000 फीट ऊपर एक प्लेन के अंदर शूट किया जाना है।

**□ वेट लूज करने में जुटे सलमान**

फिलहाल, सलमान की पसलियों में चोट है लेकिन वो अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए शूटिंग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान इन दिनों अपना वेट लूज कर रहे हैं और फिर से खुद को फिट करने में जुटे हुए हैं।











संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा





यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099